# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

## 19 फरवरी, 2025 को अपराह्न 03:00 बजे सीनेट कक्ष में आयोजित सीनेट की 231वीं बैठक के कार्यवृत्त

सीनेट की 231वीं बैठक 19 फरवरी, 2025 को अपराह्न 03:00 बजे सीनेट कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों/विशेष आमंत्रितों के नाम **[परिशिष्ट-अ]** में दिए गए हैं।

गणपूर्ति न होने के कारण बैठक 3:05 बजे स्थगित कर दी गई तथा 3:10 बजे पुनः शुरू की गई।

आरंभ में, सीनेट अध्यक्ष ने रासायनिक इंजीनियरी विभाग के निवर्तमान सदस्य प्रोफेसर ए.एन. भास्करवार को सीनेट में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

### मद संख्या 1: 27.11.2024 को आयोजित सीनेट की 230वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि

27 नवंबर, 2025 को आयोजित सीनेट की 230वीं बैठक में एचयू श्रेणी के पाठ्यक्रमों की संरचना से संबंधित मद संख्या 4(4) के अलावा शेष कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। बताया गया कि यह मामला कार्यसूची का मद 2(ii) है। सीनेट का निर्णय वहाँ देखा जा सकता है।

### मद संख्या 2: सीनेट की पिछली बैठकों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट

बैठक में सीनेट की पिछली बैठकों के निम्नलिखित मामलों पर की गई कार्रवाई प्रस्तुत की गई:

**I. जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव का पता लगाने के लिए समिति की सिफारिश पर विचार -**

यह बताया गया कि उनके उत्पादों के लिए मौजूदा समझौते के तहत, कोपायलट (CoPilot) के लाइसेंस के संबंध में माइक्रोसॉफ्ट के साथ बैठकें हुई थीं। ओपनए.आई. को भेजे गए प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं मिला है।

**II. नये पाठ्यक्रम के लिए अवधारणा नोट पर विचार एवं चर्चा: -**

एचयू श्रेणी के पाठ्यक्रमों की संरचना के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। विस्तृत चर्चा के बाद, सीनेट ने निम्नलिखित निर्णय लिए:

1. दो बास्केट होंगे: (i) मानविकी (HU) और (ii) स्वयं (Self), समाज और विश्व (SSW)। इन बास्केट में क्रेडिट की संख्या क्रमशः 9 और 6 या 12 और 3 हो सकती है, जो AU द्वारा अपने कार्यक्रमों के लिए तय की जाएगी। HU बास्केट में HuSS विभाग के पाठ्यक्रम होंगे, जबकि SSW बास्केट में HuSS, DMS, SoPP, CRDT, डिज़ाइन और NRCVEE के पाठ्यक्रम हो सकते हैं। पाठ्यक्रम आमतौर पर सार्वजनिक नीति, ग्रामीण विकास, प्रबंधन, डिज़ाइन, मूल्य शिक्षा, मानविकी और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्रों में होंगे (लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं होंगे)।
2. कार्यान्वयन के उद्देश्य से, एसएसडब्ल्यू बास्केट में पाठ्यक्रम जारी करने वाली शैक्षणिक इकाइयों को प्रत्येक सत्रार्ध में जारी किए जाने वाले पाठ्यक्रमों में अपेक्षित संख्या में सीटें उपलब्ध करानी होंगी

ताकि इस बास्केट में छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। एस.एस.डब्ल्यू. बास्केट में शामिल पाठ्यक्रमों पर निर्णय लेने के लिए एक समिति होगी।

सीनेट ने मानविकी एवं समाज विज्ञान विभाग के डी.एफ.बी. कार्यवृत्त पर भी ध्यान दिया, जिसमें एच.यू. श्रेणी के क्रेडिटों को मौजूदा 15 क्रेडिटों से कम करने का समर्थन नहीं किया गया है।

III. आई.आई.टी. दिल्ली - अबू धाबी से संबंधित निम्नलिखित प्रस्ताव पर वी.सी.एस.सी. की सिफारिशों पर विचार किया

**क. 2025 के लिए नए शैक्षणिक कार्यक्रम**

बताया गया कि रासायनिक इंजीनियरी में बी.टेक. के लिए एक नए शैक्षणिक कार्यक्रम की घोषणा की गई है ।

**ख. 2025 के लिए यूजी प्रवेश के मानदंडों में बदलाव**

बताया गया कि यू.जी. प्रवेश के लिए नए मानदंडों की घोषणा की गई है, और सी.ए.ई.टी./जे.ई.ई. एडवांस परीक्षा के माध्यम से प्रवेश (CAET/JEE) का एक नया चक्र जे.ई.ई./सी.ए.ई.टी. कार्यालय और प्रवेश समिति के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।

**IV. 'सिविल इंजीनियरी विभाग' का नाम बदलकर 'सिविल एवं पर्यावरणीय इंजीनियरी' करने के प्रस्ताव पर विचार -**

सीनेट को सूचित किया गया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, सिविल इंजीनियरी विभाग का नाम बदलने का प्रस्ताव अकादमिक इकाइयों को टिप्पणियों/प्रतिक्रिया के लिए भेजा गया था। सीनेट ने अकादमिक इकाइयों से प्राप्त टिप्पणियों/प्रतिक्रिया पर ध्यान दिया और अकादमिक इकाइयों ने प्रस्ताव का स्वागत किया है।

चर्चा के बाद, सीनेट ने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को 'सिविल इंजीनियरी विभाग' का नाम बदलकर 'सिविल एवं पर्यावरणीय इंजीनियरी' करने का प्रस्ताव भेजा।

**V. डिप्लोमा प्राप्त होने के बाद अध्ययन जारी रखने का अनुरोध** –

बताया गया कि डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद संस्थान से बाहर निकलने का विकल्प चुनने वाले छात्रों के पुनः प्रवेश के प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है।

**मद संख्या 3: नए पाठ्यक्रम के अनुसार एम.टेक. और एमएस(आर) प्रोग्राम टेम्पलेट पर विचार –**

सीनेट को सूचित किया गया कि शैक्षणिक इकाइयों से एम.टेक. और एम.एस.(आर) प्रोग्राम के लिए मसौदा कार्यक्रम टेम्पलेट्स को पाठ्यक्रम कार्यान्वयन समिति (सी.आई.सी.) द्वारा अपनी कई बैठकों में अनुमोदित किया गया है। चर्चा के बाद, सीनेट ने एम.टेक. और एम.एस.(आर) प्रोग्राम के टेम्पलेट सीनेटरों को टिप्पणियों/प्रतिक्रिया के लिए वितरित करने का निर्णय लिया। अंतिम प्रस्ताव सीनेट की अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

**मद संख्या 4: ऑनलाइन पी.जी. डिप्लोमा प्रोग्राम्स के लिए पी.जी. प्रमाणपत्र टेम्पलेट को स्वीकृति देना**

ऑनलाइन पी.जी. डिप्लोमा कार्यक्रमों के लिए पी.जी. प्रमाणपत्र का मसौदा (ड्राफ्ट) सीनेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। चर्चा के बाद, सीनेट ने हिंदी शीर्षक में मामूली बदलाव के साथ पी.जी. प्रमाणपत्र के मसौदे (ड्राफ्ट) को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को भेजने की अनुशंसा की। संशोधित प्रमाणपत्र परिशिष्ट 1 में दिया गया है।

| | |
|---|---|
| **प्रस्ताव संख्या 2025/23/1:** | **यह निर्णय लिया गया कि** ऑनलाइन पी.जी. डिप्लोमा कार्यक्रमों के लिए पी.जी. प्रमाणपत्र टेम्पलेट का प्रारूप, जैसा कि परिशिष्ट 1 में दिया गया है, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को अनुशंसित किया जाए। |

**मद संख्या 5: चार वर्षीय बी.एस. डिग्री वाले अभ्यर्थियों के लिए भारतीय संस्थानों में अनुसंधान कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु पात्रता मानदंड में संशोधन के संबंध में शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करना।**

सीनेट को सूचित किया गया कि शिक्षा मंत्रालय ने 20 सितंबर 2024 के अपने आधिकारिक पत्र संख्या 13-50/2024/TC के माध्यम से भारतीय संस्थानों से उन कार्यक्रमों के लिए चार वर्षीय बीएस डिग्री की पात्रता की जाँच करने का अनुरोध किया है जिनके लिए पहले तीन वर्षीय बीएससी और उसके बाद दो वर्षीय एमएससी की आवश्यकता होती थी। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह परिवर्तन भारतीय संस्थानों को चार वर्षीय बीएस कार्यक्रमों के छात्रों के लिए आकर्षक गंतव्य बना देगा, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति में निर्धारित सिद्धांतों के अनुरूप है, जो चार वर्षीय बीएस को एक मानक स्नातक डिग्री के रूप में मान्यता देता है।

इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के बाद, यह निर्णय लिया गया कि प्रस्ताव को शैक्षणिक इकाइयों को टिप्पणियों/प्रतिक्रिया के लिए भेजा जाए।

**मद संख्या 6: जैव-चिकित्सा इंजीनियरी केंद्र से जैव-चिकित्सा इंजीनियरी में एक लघु क्षेत्र के संबंध में प्रस्ताव पर विचार करना**

सीनेट को सूचित किया गया कि जैव-चिकित्सा इंजीनियरी केंद्र ने जैव-चिकित्सा इंजीनियरी में एक लघु क्षेत्र प्रस्तावित किया है। प्रस्तावित लघु क्षेत्र का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं की पूर्ति में इंजीनियरी और नवाचार की भूमिका से परिचित कराना और उनमें उत्साह भरना तथा उन्हें प्रौद्योगिकी विकास एवं उद्यमिता में संलग्न होने के अवसर प्रदान करना है।

सीनेट ने नोट किया कि जैव-चिकित्सा इंजीनियरी में माइनर के लिए अर्हता प्राप्त करने हेतु छात्रों को न्यूनतम 20 क्रेडिट पूरा करने हेतु निम्नलिखित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने का प्रस्ताव किया गया है:

| **मुख्य पाठ्यक्रम** | |
|---|---|
| **पाठ्यक्रम** | **क्रेडिट्स** |
| BML300 हेल्थकेयर इंजीनियरी | 3 क्रेडिट्स (2 0 2) |
| BMD742 माइनर प्रोजेक्ट | 4 क्रेडिट्स (0 0 8) |
| **कुल क्रेडिट्स** | **7** |

| **ऐच्छिक** | |
|---|---|
| **पाठ्यक्रम** | **क्रेडिट** |
| BML401 हेल्थकेयर एन्त्रेप्रेंयूर्शिप | 3 क्रेडिट्स (2 0 2) |
| BML700 इंट्रो. टू बेसिक मेडिकल साइंसेज फॉर इंजीनियरस | 3 क्रेडिट्स (3 0 0) |
| BML720 मेडिकल इमेजिंग | 3 क्रेडिट्स (3 0 0) |
| BML735 बायोमेडिकल सिग्नल और इमेज प्रोसेसिंग | 3 क्रेडिट्स (2 0 2) |

| | |
|---|---|
| BML750 पॉइंट ऑफ केयर मेडिकल डायग्नोस्टिक डिवाइस | 3 क्रेडिट्स (3 0 0) |
| BML770 फंडामेंटल्स  ऑफ़  बायोमैकेनिक्स | 3 क्रेडिट्स (3 0 0) |
| BML772 बायोफॅब्रिकेशन | 3 क्रेडिट्स (3 0 0) |
| BML810 टिश्यू इंजीनियरी | 3 क्रेडिट्स (3 0 0) |
| BML820 बायोमैटेरियल्स | 3 क्रेडिट्स (3 0 0) |
| BML830 बायोसेंसर टेक्नोलॉजी | 4 क्रेडिट्स (3 0 2) |
| BML771 ओर्थोपेडिक डिवाइस डिजाईन | 2 क्रेडिट्स (2 0 0) |
| BML760 बायोमेडिकल एथिक्स, सेफ्टी एंड रेगुलेटरी अफेयर्स | 2 क्रेडिट्स (2 0 0) |
| BML740 बायोमेडिकल इंस्ट्रूमेंटेशन | 3 क्रेडिट्स (3 0 0) |
| BML741 मेडिकल डिवाइस डिजाईन | 4 क्रेडिट्स (2 0 4) |
| BML774 सॉफ्ट टिश्यू करैक्टर कैरेक्टराइजेशन एंड एप्लीकेशन्स | 4 क्रेडिट्स (3 0 2) |
| BML790 मॉडर्न मेडिसिन: एन इंजीनियरी पर्सपेक्टिव | 3 क्रेडिट्स (2 1 0) |
| BML850 कैंसर: डायग्नोसिस एंड थेरेपी | 3 क्रेडिट्स (3 0 0) |
| BML880 हेल्थकेयर वियरएब्ल्स: डिजाईन एंड एप्लीकेशन्स | 3 क्रेडिट्स (2 0 2) |
| **कुल क्रेडिट्स** | **13** |

चर्चा के बाद सीनेट ने निम्नलिखित परिवर्तनों के साथ प्रस्ताव को स्वीकृति दी:

1. पाठ्यक्रम BMD742 लघु परियोजना को BMD4XX  लघु परियोजना में परिवर्तित किया जाएगा।
2. वैकल्पिक पाठ्यक्रम में संबंधित क्षेत्रों की अन्य शैक्षणिक इकाइयों से उनकी सहमति से और अधिक पाठ्यक्रम शामिल किए जा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| **संकल्प संख्या 2025/231/2:** | **यह निर्णय लिया गया कि** जैव-चिकित्सा इंजीनियरी केंद्र से जैव-चिकित्सा इंजीनियरी में एक लघु क्षेत्र के संबंध में प्रस्ताव को उपरोक्त सुझाए गए परिवर्तनों के साथ अनुमोदित किया जाए। |

**मद संख्या 7: पीएचडी डिग्री के अंतिम चरण से जुड़े मामलों पर विचार करने के लिए गठित समिति की सिफारिशों पर विचार:**

एजेंडा अगली बैठक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**मद संख्या 8: बी.टेक. इंजीनियरी और कम्प्यूटेशनल मैकेनिक्स पाठ्यक्रम में MTL107 को नए प्रस्तावित APL109 से बदलने के लिए अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग के प्रस्ताव पर विचार करना।**

सीनेट ने इंजीनियरिंग और कम्प्यूटेशनल मैकेनिक्स में बी.टेक. पाठ्यक्रम में एमटीएल107 (संख्यात्मक विधियाँ और संगणनाएँ, 3-0-0) पाठ्यक्रम को नए प्रस्तावित पाठ्यक्रम एपीएल109 (संख्यात्मक विधियाँ और संगणनाएँ, 3-0-0) से बदलने के अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग के प्रस्ताव से संबंधित बीएपी की सिफारिशों पर विचार किया। विचार-विमर्श के बाद, सीनेट ने बीएपी की सिफारिशों को स्वीकृति दी गयी।

| | |
|---|---|
| **संकल्प संख्या 2025/231/3:** | यह निर्णय लिया गया कि इंजीनियरी और कम्प्यूटेशनल मैकेनिक्स पाठ्यक्रम में बी.टेक. में पाठ्यक्रम |

| | |
|---|---|
| | MTL107 (संख्यात्मक विधियां और संगणनाएं, 3-0-0) को नए प्रस्तावित पाठ्यक्रम APL109 (संख्यात्मक विधियां और संगणनाएं, 3-0-0) से बदलने के लिए अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग के प्रस्ताव के संबंध में बीएपी की सिफारिशों को स्वीकृति दी जाए। |

**मद संख्या 9: यांत्रिक (मैकेनिकल) इंजीनियरी विभाग द्वारा एक नए पाठ्यक्रम (MCL727) की शुरुआत पर विचार करना**

सीनेट ने मैकेनिकल इंजीनियरी विभाग द्वारा एक नए पाठ्यक्रम (एमसीएल727, "दहन गतिकी", 2-0-2) के क्रियान्वयन के संबंध में बीएपी की सिफारिशों पर विचार किया। विचार-विमर्श के बाद, सीनेट ने बीएपी की सिफारिशों को स्वीकृति दी गयी।

| | |
|---|---|
| **संकल्प संख्या 2025/231/4:** | यह निर्णय लिया गया कि मैकेनिकल इंजीनियरी विभाग द्वारा एक नया पाठ्यक्रम (MCL727, "दहन गतिकी", 2-0-2) शुरू करने के लिए बीएपी की सिफारिशों को स्वीकृति दी जाए। |

**मद संख्या 10: प्रकाशिकी और फोटोनिक्स केंद्र द्वारा एक नए पाठ्यक्रम (OPL720) के फ्लोटिंग पर विचार करना**

सीनेट ने ऑप्टिक्स एंड फोटोनिक्स सेंटर द्वारा एक नए पाठ्यक्रम (OPL720, "फोटोनिक्स के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता", 3-0-0) की शुरुआत के संबंध में बीएपी की सिफारिशों पर विचार किया। विचार-विमर्श के बाद, सीनेट ने बीएपी की सिफारिशों को स्वीकृति दी गयी।

| | |
|---|---|
| **संकल्प संख्या 2025/231/5:** | यह निर्णय लिया गया कि ऑप्टिक्स और फोटोनिक्स केंद्र द्वारा एक नया पाठ्यक्रम (OPL720, "फोटोनिक्स के लिए कृत्रिम बौद्धिकता", 3-0-0) शुरू करने के लिए बीएपी की सिफारिशों को स्वीकृति दी जाए। |

**मद संख्या 11: मानविकी और समाज विज्ञान विभाग द्वारा एक नया पाठ्यक्रम (HSL674) शुरू करने पर विचार करना**

सीनेट ने मानविकी एवं समाज विज्ञान विभाग द्वारा एक नया पाठ्यक्रम (HSL674), "शहर और उसके साहित्य", 3-0-0) शुरू करने के संबंध में बीएपी की सिफारिशों पर विचार किया। विचार-विमर्श के बाद, सीनेट ने बीएपी की सिफारिशों को स्वीकृति दी गयी।

| | |
|---|---|
| **संकल्प संख्या 2025/231/6:** | यह संकल्प लिया गया कि मानविकी और सामाज विज्ञान विभाग द्वारा एक नया पाठ्यक्रम (HSL674, "शहर और उसके साहित्य", 3-0-0) शुरू करने के लिए बीएपी की सिफारिशों को स्वीकृति दी जाए। |

**मद संख्या 12: मानविकी और समाज विज्ञान विभाग द्वारा नए पाठ्यक्रम (HSL690 और HSL691) शुरू करने पर विचार करना**

सीनेट ने मानविकी एवं समाज विज्ञान विभाग द्वारा दो नए पाठ्यक्रम [(HSL690, "एंथ्रोपोसीन और उसके असंतोष", 3-0-0) और (HSL691, "हम वही हैं जो हम खाते हैं: भोजन, स्वास्थ्य और समाज पर दृष्टिकोण", 3-0-0)] शुरू करने संबंधी बीएपी की सिफारिशों पर विचार किया। विचार-विमर्श के बाद, सीनेट ने बीएपी की सिफारिशों को स्वीकृति दी गयी।

| | |
|---|---|
| **संकल्प संख्या 2025/231/7:** | यह संकल्प लिया गया कि मानविकी और समाज विज्ञान विभाग द्वारा दो नए पाठ्यक्रम [(HSL690, "एंथ्रोपोसीन एंड इट्स डिस्कन्टेंट्स ", 3-0-0) और (HSL691, "हम वही हैं जो हम खाते हैं: भोजन, स्वास्थ्य और समाज पर परिप्रेक्ष्य", 3-0-0)] शुरू करने के लिए बीएपी की सिफारिशों को स्वीकृति दी गयी। |

**मद संख्या 13: अनुसमर्थन मदें**

I. **सी.ई.पी. के माध्यम से हेल्थकेयर उत्पाद विकास और प्रबंधन में ऑनलाइन पी.जी. डिप्लोमा के प्रस्ताव पर विचार करना**
सीनेट ने सी.ई.पी. के माध्यम से हेल्थकेयर उत्पाद विकास और प्रबंधन में ऑनलाइन पी.जी. डिप्लोमा शुरू करने के लिए सीनेट अध्यक्ष द्वारा दी गई स्वीकृति की पुष्टि की।

II. **विद्युत इंजीनियरी विभाग द्वारा प्रस्तावित ऑनलाइन "वी.एल.एस.आई. डिजाइन में पी.जी. डिप्लोमा" के संबंध में प्रस्ताव पर विचार करना**
सीनेट ने विद्युत इंजीनियरी विभाग द्वारा ऑनलाइन "वी.एल.एस.आई. डिजाइन में पी.जी. डिप्लोमा" शुरू करने के लिए सीनेट के अध्यक्ष द्वारा दी गई स्वीकृति की पुष्टि की।

III. **सी.ई.पी. के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन (ई.वी.) प्रौद्योगिकी में ऑनलाइन पी.जी. डिप्लोमा के प्रस्ताव पर विचार करना**
सीनेट ने सी.ई.पी. के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन (ई.वी.) प्रौद्योगिकी में ऑनलाइन पी.जी. डिप्लोमा शुरू करने के लिए सीनेट अध्यक्ष द्वारा दी गई स्वीकृति की पुष्टि की।

IV. **परिवहन अनुसंधान एवं चोट निवारण केंद्र (ट्रिप-सी) से नए 1-क्रेडिट पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ।**
सीनेट ने परिवहन अनुसंधान और चोट निवारण केंद्र (ट्रिप) द्वारा नया 1-क्रेडिट कोर्स (TRV755, "परिवहन बाह्यताओं की लागत को समझना") शुरू करने के लिए अध्यक्ष सीनेट द्वारा दी गई स्वीकृति की पुष्टि की:

| क्रम सं. | पाठ्यक्रम संख्या | पाठ्यक्रम शीर्षक | एल-टी-पी | क्रेडिट्स |
|---|---|---|---|---|
| 1 | TRV755 | परिवहन लागत और बाह्य प्रभावों को समझना | 1-0-0 | 1 |

**v. नए 1-क्रेडिट पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए प्रकाशिकी एवं फोटोनिक्स केंद्र के अध्यक्ष से प्रस्ताव प्राप्त हुआ**

सीनेट ने ऑप्टिक्स और फोटोनिक्स केंद्र द्वारा नए 1-क्रेडिट पाठ्यक्रम [(OPV731, "सुसंगतता और क्वांटम गतिशीलता") और (OPV732, "ऑप्टिकल सुसंगतता का सिद्धांत")] शुरू करने के लिए अध्यक्ष सीनेट द्वारा दी गई स्वीकृति की पुष्टि की:

| क्रम सं. | पाठ्यक्रम सं. | पाठ्यक्रम शीर्षक | एल-टी-पी | क्रेडिट्स |
|---|---|---|---|---|
| 1 | OPV731 | सुसंगतता और क्वांटम गतिशीलता | 1-0-0 | 1 |
| 2 | OPV732 | ऑप्टिकल सुसंगतता का सिद्धांत | 1-0-0 | 1 |

**मद संख्या 14: रिपोर्टिंग आइटम**

**i. BERP और BAP की बैठकों के कार्यवृत्त की रिपोर्ट करना |**

सीनेट ने BERP और BAP बैठकों के कार्यवृत्त पर ध्यान दिया |

**बी.ई.आर.पी. बैठक**

1. **126वीं बैठक 25 नवंबर 2024 को आयोजित:**
   https://owncloud.iitd.ac.in/nextcloud/index.php/s/xRXYJ7w6nGxyaZW

**बी.ए.पी. बैठक**

1. **126वीं बैठक 25 नवंबर 2024 को आयोजित:**
   https://owncloud.iitd.ac.in/nextcloud/index.php/s/QyrE6N4LctbboPi

**अन्य मदें**

**मद 15: सीनेट की बैठकों का संचालन**

अध्यक्ष ने (i) सीनेट बैठक के स्थान और (ii) 'सीनेटर' ईमेल समूह के उपयोग के संबंध में मुद्दा उठाया।

**i. सीनेट की बैठकों का स्थान**

यह निर्णय लिया गया कि सीनेट की बैठकें सीनेट कक्ष में आयोजित की जाएंगी, तथा बैठक में उपस्थिति के आधार पर उन्हें सेमिनार हॉल/डोगरा हॉल में स्थानांतरित करने का प्रावधान किया जाए।

**ii. "सीनेटर" ईमेल समूह का उपयोग**

यह निर्णय लिया गया कि कुलसचिव द्वारा बैठक की सूचना, एजेंडा और कार्यवृत्त के संचार के लिए एक ई-मेल समूह बनाया जाए, जिसमें ई-मेल भेजने का अधिकार केवल कुलसचिव को होगा।

यह भी निर्णय लिया गया कि सीनेटरों के लिए 'ऑप्ट-इन' और 'ऑप्ट-आउट' विकल्प के साथ एक ईमेल चर्चा समूह बनाया जाए।

अध्यक्ष ने बैठक में भाग लेने के लिए सदस्यों और विशेष आमंत्रितों को धन्यवाद दिया।